# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 जून2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में सोलहवें केंद्रीय वित्त आयोग के सदस्यों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और राज्य की अपेक्षाओं के बारे में जानकारी दी। सीएम योगी ने विशेष रूप से मांग की कि उत्तर प्रदेश के हिस्से को इकतालिस प्रतिशत से बढ़ा कर पचास प्रतिशत कर दिया जाए।

सोलहवें केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्त आयोग के समक्ष प्रस्तुतीकरण के दौरान निधियों के विभाजन के संबंध में विशिष्ट सिफारिशें की हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रस्ताव दिया है कि निधियों के ऊर्ध्वाधर हस्तांतरण में राज्यों की हिस्सेदारी को बढ़ाकर पचास प्रतिशत किया जाए। यह सिफारिश अन्य राज्यों के एक आम अनुरोध के अनुरूप है, क्योंकि आयोग द्वारा दौरा किए गए अधिकांश राज्यों ने इसी तरह हिस्सेदारी को बढ़ाकर पचास प्रतिशत करने का सुझाव दिया है।

**********

आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का संदेश लेकर दुनिया भर के देशों में गए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से चार सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौट आए हैं। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन के दौरे के बाद आज सुबह भारत लौटा। जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय झा ने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का संदेश यह था कि पूरा देश आतंकवाद के मुद्दे पर एकजुट है।

***ऑल पार्टी डेलिगेशन जाने से सरकार का बड़ा मेसैज सब जगह ये लोगों को ये जरूर मैं खासकर बताउंगा कि पूरा देश इस मिशन पर एक साथ है, टेररिज्म के खिलाफ है और सारी पार्टी के लोग एक वॉइस में बात कर रहे हैं।***

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के बीच राष्ट्र अपने सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के सम्मान में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित नायक जदुनाथ सिंह को याद कर रहे हैं।

***1916 में उत्तर प्रदेश में जन्मे पहली बटालियन राजपूत रेजीमेंट के नायक जदुनाथ सिंह जम्मू और कश्मीर में नौशेरा के नजदीक तैनधार में चौकी कमांडर थे। 1947–48 के भारत पाक युद्ध के दौरान दिसंबर 1947 को झंगर पर कब्जे के बाद पाकिस्तानी हमलावरों ने नौसेना सेक्टर में रणनीति बढ़त हासिल की। 6 फरवरी 1948 की धुंध भरी सुबह में दुश्मन की सेना ने तैनधार पर बड़े पैमाने पर एक के बाद एक हमला करना शुरू किया। संख्या में कम होने के बावजूद नायक जदुनाथ सिंह ने दुश्मन के इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। खुद घायल होने के बावजूद उन्होंने घायल गनर से ब्रेन गन ली और दुश्मन पर हमला किया, जिससे दुश्मन का दूसरा हमला रुक गया। तीसरे हमले के अंत तक चौकी पर मौजूद 27 जवानों में से 24 जवान शहीद या घायल हो चुके थे, गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद एक स्टैंड गन के साथ उन्होंने अकेले ही शत्रुओं का सामना किया, जिससे डर कर हमलावर भाग खड़े हुए। इस उत्कृष्ट शौर्य और सर्वोच्च बलिदान के लिए नायक जदुनाथ सिंह को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

अयोध्या के श्रीराम मंदिर परिसर में राम दरबार और अन्य मंदिरों के देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा कल होगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य समारोह से पहले धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम आज भी जारी है। इस बीच, सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के सीईओ एलन मस्क के पिता एरोल मस्क ने अपनी बेटियों और सहयोगियों के साथ आज अयोध्या पहुंच कर श्रीरामलला का दर्शन पूजन किया। इससे पहले उन्होंने हनुमानगढ़ी में भी पूजा अर्चना की।

**********

अयोध्या जिले के डोगरा रेजीमेंटल सेंटर में आज पांचवीं अग्निवीर कोर्स की पासिंग आउट और शपथ ग्रहण परेड समारोह का आयोजन हुआ। इसमें सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर चुके चार सौ एक अग्निवीरों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभी अग्निवीरों ने भारतीय सेना में सेवा के लिए शपथ ली।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष योग दिवस के प्रति लोगों में उत्साह देखकर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लोगों से योग दिवस मनाने और योग को अपने जीवन का नियमित अंग बनाने का आह्वान किया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में कहीं कहीं पर आज और कल गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा होने का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के अनुसार इसके बाद दस जून तक मौसम शुष्क रहेगा।

**********